अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 25.04.2018 बुधवार को एम. कॉम का विदाई समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और हमेशा जीवन में आगे बढने का प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने दीपशिखा प्रज्वलन द्वारा किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों में मिस फेयरवेल प्रियंका यादव, मिस्टर फेयरवेल इशांत शर्मा, मिस पर्सनलिटी सोनिया मित्तल, मिस ब्यूटीफुल स्माइल प्रिया जैन, मिस टेलेन्टेड चंचल गर्ग, मिस्टर इवेन्ट आर्गेनाइजर रोहित, मिस इवेन्ट आर्गेनाइजर मीनाक्षी गर्ग रहे। वाणिज्य विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीन कुमार गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।